## बरात लेकर पहुंचा दूल्हा विवाद के बाद वापस लौटा

# फिल्मी स्टाइल में शादी से पहले प्रेमी संग भागी दुल्हन

**नवीन मेल संवादता। श्री बंशीधर नगर**
1995 में 'दिलवाले दुल्हनियां ले जाएंगे' एक फिल्म आयी थी। फिल्म में शाहरुख खान (राज) और काजोल (सिमरन) की प्रेम कहानी को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म में सिमरन की शादी किसी और से कराई जा रही थी लेकिन सिमरन राज से बेइंतहा प्यार करती थी। सिमरन की शादी की रस्में निभाई जा रही थीं, लेकिन इसी दौरान राज के साथ सिमरन भाग जाती है। इसी से कुछ मिलती-जुलती कहानी श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के नरही गांव में देखने को मिली है।



रविवार रात दूल्हा बरात लेकर दुल्हन के घर पहुंचता है। बराती बैंड बाजे के साथ नाच रहे थे। शादी का माहौल देखते बनता था। बराती-घराती सभी शादी को लेकर खुश थे। वरमाला की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान पता चला कि दुल्हन अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी है। फिर क्या था शादी उत्सव में अचानक सन्नाटा छा गया। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था कि अब क्या होगा? जैसे ही यह बात दूल्हा व दूल्हे के परिजनों को मालूम चली नौबत मारपीट तक पहुंच गई। पंचायत ने मामले को सुलझाने का प्रयास किया लेकिन विवाद नहीं थमता देख पुलिस को खबर दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा कर मामला शांत कराया।

बंशीधर नगर के चेचरिया निवासी सुरेंद्र प्रजापति के बेटे विनय प्रजापति की शादी नरही गांव निवासी श्रवण प्रजापति की बड़ी बेटी गुंजा कुमारी के साथ तय हुई थी। शादी को लेकर विनय सज-धज कर बरातियों के साथ दुल्हन को लेने नरही समय पर पहुंच गया। शादी की सभी तैयारियां नियत समय पर चल रही थी। बराती मस्ती में नाच रहे थे। वरमाला की तैयारी चल रही थी। दूल्हे को वरमाला का इंतजार था। इंतजार पूरा होने से पहले ही दुल्हन की प्रेमी संग भागने की खबर मालूम चल गई, जिसके बाद बरात वापस लौट आयी।

## भवनाथपुर प्रखंड से ढेकुलिया जाने वाली सड़क निर्माण को लेकर गतिरोध समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
प्रखंड के मुख्य पथ से ढेकुलिया जाने वाली सड़क को लेकर जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। सोमवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, जिला परिषद रजनी शर्मा, मुखिया बेबी देवी, बीडीसी चंदन ठाकुर व ग्रामीणों की बैठक कर सर्वसम्मति से सड़क के लिए नौ फीट जमीन मालिक रविशंकर कुमार द्वारा दी गई।

बताते चलें कि उक्त सड़क पर चेकनाका के पास बीती 14 अप्रैल को जमीन मालिक व ग्रामीणों के साथ नोकझोंक के बाद मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इसको लेकर जमीन मालिक रविशंकर कुमार ने बीती 25 मई को भवनाथपुर थाने में सात लोंगो के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इससे आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने रविवार को थाना



पहुंचकर रविशंकर के खिलाफ करवाई की मांग करते हुए उक्त समस्या का समाधान निकालने का अनुरोध किया था। इसके बाद थाना प्रभारी ने सोमवार को दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी विचार विमर्श किया। इस दौरान विवाद का हल निकलने के बाद दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी लिखित शिकायत भी वापस ले ली। साथ ही जमीन व घर से बेदखल वृद्ध शिवकली कुंवर को सरकारी जमीन चिन्हित कर एक आवास निर्माण कर बसाने का निर्णय भी सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने लिया है। बैठक में एसआई सहदेव साव, एएसआई अभिमन्यु सिंह, ग्रामीण रीता कुंवन, नगीना देवी, राजमनी देवी, कुलमनिया देवी, कौशल्या कुंवर, रीता देवी, बबन पासवान, श्यामसुंदर राम, जनार्दन सिंह, विनोद सिंह, पप्पू तिवारी, मोतिचंद सिंह, विदेश्वर बैठा, वेद प्रकाश आर्य, ओम सिंह, प्रदीप राउत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट उपेक्षा का शिकार

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
लगभग 20 हजार लोगों को रोजगार देने वाला पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिला अंतर्गत सेल भवनाथपुर तुलसीदामर खदान समूह और एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट इतिहास के पन्नों में दफन होते जा रहा है। यह सब झारखंड सरकार की उपेक्षा, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और सेल प्रबंधन की लापरवाही के कारण हो गया है।

जानकारी के अनुसार यहां से लगभग 20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलता था। वर्तमान झारखंड सरकार के द्वारा सेल प्रबंधन को भवनाथपुर चूना पत्थर खदान और तुलसीदामर डोलोमाइट खदान लीज नवीकरण के कारण विगत कई वर्षों से दोनों खदान बंद हो गए हैं। यहां काम करने वाले सैकड़ों ठेका मजदूर, सेल कर्मचारी, स्थानीय दुकानदार और यहां रहने वाले लोग वर्षों से सरकार की उपेक्षा का दंश झेलते हुए बेरोजगार हो गए हैं। यहां के लोगों का कहना है कि यदि झारखंड सरकार इन दोनों खदानों पर ध्यान दें या कोई नया उद्योग स्थापित करें तो यहां पर लोगों को भारी मात्रा में रोजगार उपलब्ध हो सकता है। जानकारी के अनुसार इस सरकार के पूर्व भी हेमंत सरकार द्वारा भवनाथपुर के कोणमंडरा में एक पावर प्लांट का स्वयं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शिलान्यास किया गया था, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी पावर

### तुलसीदामर खदान समूह भी इतिहास के पन्नों में दफन हो रहा



प्लांट स्थापित नहीं होने की योजना हवा हवाई साबित हुई, जबकि कई नेताओं ने यहां पर सीमेंट फैक्ट्री लगाने की बात कर चुके हैं लेकिन वह भी नहीं लग सकी।

1990 से भवनाथपुर से पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग लोग करते आ रहे है, परंतु आज तक वह भी नहीं चालू हो पाई। यहां सेल के भवनाथपुर के टाउनशिप में 12 सौ आवास, डेम, पोस्ट ऑफिस, पानी टंकी, बैंक, गैस एजेंसी, सड़क मार्ग, 32 किलोमीटर रेलवे मार्ग निर्माण के बाद एवं हजारों एकड़ जमीन उपलब्ध के बाद भी पूरा क्षेत्र राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा उपेक्षित है। यह दोनों खदान के संबंध में यहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं यूनियन नेता की चुप्पी से कई सवाल खड़े होते हैं।

## पंचायत समिति की बैठक में कथित दुर्व्यवहार का मामला

# पंसस सदस्यों व प्रखंड कर्मियों के बीच का गतिरोध हुआ समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
पंचायत समिति की बैठक में कथित दुर्व्यवहार को लेकर पंचायत समिति सदस्यों व प्रखंड कर्मियों के बीच चल रहा गतिरोध समाप्त हो गया है। सोमवार को प्रमुख आभा रानी, उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य एवं पंचायत समिति सदस्यों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि उपायुक्त के आश्वासन पर उन्हें पूरा भरोसा है।

उपायुक्त द्वारा पंचायत समिति सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार के दोषी प्रखंड कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। प्रखंड प्रमुख आभा रानी ने कहा कि गत शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक में प्रखंड कर्मियों के दुर्व्यवहार से आहत होकर प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना पर बैठे पंचायत समिति सदस्यों को उपायुक्त द्वारा गढ़वा बुलाया गया था। प्रखंड प्रमुख आभा रानी के नेतृत्व में सभी पंचायत समिति सदस्यों की उपायुक्त से सौहार्दपूर्ण वातावरण में वार्ता हुई। उपायुक्त ने सभी पंचायत समिति सदस्यों की बातों व समस्याओं को सुना और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पंचायत समिति सदस्यों को पूरा भरोसा है कि उपायुक्त दुर्व्यवहार के दोषी अधिकारी व कर्मियों के विरुद्ध जरूर कार्रवाई करेंगे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पंचायत समिति सदस्य।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पंसस सदस्यों ने यह भी कहा कि अब पंचायत समिति की बैठक में जितने भी जनहित के कार्यों व जनसमस्याओं से जुड़े प्रस्ताव लिए जाएंगे उन सभी प्रस्तावों पर कार्रवाई होगी और उनका निश्चित इंप्लीमेंटेशन भी होगा। ऐसा उपायुक्त द्वारा भरोसा दिया गया है। साथ ही पंचायत समिति और 20 सूत्री की बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी और कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे और किसी के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं होगा ऐसा भी आश्वासन मिला है। उपायुक्त की पहल और सकारात्मक आश्वासन से सभी पंचायत समिति सदस्य खुश व संतुष्ट हैं और उपायुक्त के निर्देशन में प्रखंड/पंचायत के विकास व जनहित के कार्यों में पूरी तत्परता से काम करने के लिए तैयार हैं। पंचायती राज के तहत पंचायत प्रतिनिधियों को प्रदत्त शक्तियों/कार्यों के निर्वहन में पूरी इमानदारी व जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका/दायित्व निभाएंगे, ताकि विकास कार्य आसानी से धरातल पर उतरे और लोगों/जनता को इसका लाभ मिले। उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा कि पंचायत समिति सदस्यों के साथ प्रखंड कर्मियों के दुर्व्यवहार मामले में बैठक के दौरान ही प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो से कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन उनके एक्शन से लगा कि दोषियों के विरुद्ध कोई करवाई नहीं होगी। ऐसे में विवश होकर वे लोग धरना पर बैठ गए थे। दुर्व्यवहार के दोषी प्रखंड कर्मियों के विरुद्ध उपायुक्त के कार्रवाई के आश्वासन पर वे लोग लौटे हैं और अब पंचायती राज के तहत सौहार्दपूर्ण तरीके से अपना कार्य करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल पंचायत समिति सदस्यों में उपरोक्त के अलावे विकास कुमार सिंह, सिलवंती देवी, रेणु देवी, कुलवंती देवी, नसीबन बीवी, कृष्णा राम, पानपती देवी आदि के नाम शामिल रहे।

## बिना स्वार्थ के सभी जीवों से प्रेम करें : अखिलेश प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
श्री श्री ठाकुर अनुकूलचंद्र जी के अनुयायियों द्वारा रविवार को जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में 49वें स्नान उत्सव के अवसर पर सत्संग का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ बंदे पुरुषोत्तम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद लोगों द्वारा सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ व विभिन्न धर्मग्रंथों का पाठ किया गया।

इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि आज के दिन सत्संग आश्रम देवघर में स्नान उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी व बडमा जी की प्रतिमा



को आश्रम में बने स्विमिंग पूल में स्नान कराकर पूरे आश्रम में ट्रॉली के माध्यम से वर्तमान आचार्य देव व सत्संगियों द्वारा घुमाया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम सद्गुरु की दीक्षा से जीवन में उन्नति होती है। सत्संगी अखिलेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य को स्वार्थ मुक्त होकर अपना कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सत्संगी का कर्तव्य है कि बिना स्वार्थ के सभी जीवों से प्रेम करना चाहिये। उन्होंने श्री श्री ठाकुर के 136वें उत्सव आयोजित करने पर चर्चा की। सत्संगी राहुल कुमार ने कहा कि मनुष्य विवेकशील प्राणी है। मनुष्य को सत्संग से ही विवेक की प्राप्ति होती है।

सत्संग में सत्संगियों द्वारा भक्ति मूलक भजन भी प्रस्तुत किया गया। सत्संग में ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा, शक्तिदास सिन्हा, संजय कुमार, अजय कुमार, राकेश कुमार, राजेश कुमार, राजकुमार, वृंदा देवी, दीपमाला, भागमनी देवी, रेखा जायसवाल, माला देवी, उषा देवी, निर्मला जायसवाल, रीना देवी सहित अन्य सत्संगी वृंद शामिल थे।

## बोलेरो व कार की टक्कर में चार घायल, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर रंका में कार व बोलेरो की टक्कर में कार में सवार चार लोग घायल हो गए। इनमें बिहार के दानापुर निवासी शाहिद खान पिता मुनमुन मास्टर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शाहिद खान अपनी कार से दानापुर से छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर जा रहा था। कार में उसके साथ तीन और लोग सवार थे। इस दौरान रंका के समीप सामने से आए बोलेरो ने कार में टक्कर मार दिया। इससे कार पलट गई और उसमें सवार चार लोग घायल हो गए। इनमें शाहिद खान को गंभीर चोट लगी है। उसका दायां पैर फ्रैक्चर हो गया। कार में सवार तीन अन्य लोगों को मामूली चोट लगी है। जिन्हें सीएचसी रंका में इलाज के बाद ही अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## बैठक — प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

# 'सभी बच्चों को पूर्ण करानी है विद्यालय स्तर की शिक्षा'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में सोमवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय ने बीआरपी- सीआरपी के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में बीईओ ने कहा कि 6-18 उम्र ग्रुप के सभी बच्चों को विद्यालय स्तर की शिक्षा पूर्ण करानी है। उन्होंने कहा कि हाउस ऑफ सर्वे के माध्यम से अनामांकित एवं छितिज बच्चों को विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकम करना है। यह कार्यक्रम 16 जून से 15 जुलाई तक चलेगा। जिला स्तर पर यह कार्यक्रम 19 जून को, प्रखंड स्तर पर 21जून को तथा विद्यालय स्तर पर 22 जून को आयोजित होगा। 30 जून 2024 तक सभी प्रधानाध्यापक बाल पंजी का संधारण करेंगे। उन्होंने जून से माह के अंतिम शनिवार को वर्ग एक से 12 तक के सभी बच्चों का गणित, अंग्रेजी, विज्ञान व हिंदी विषय की मासिक जांच आयोजित



करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस जांच परीक्षा में 20 अंकों के ऑब्जेक्टिव प्रश्न होंगे। उन्होंने कहा कि यू-डाइस मेंडेंटरी सभी प्रधानाध्यापक 31 मई तक शत प्रतिशत पूरा कर लेंगे नहीं तो इसका लिंक बंद हो जायेगा। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों हेतु वार्षिक योगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य संपन्न कर सभी प्रधानाध्यापक आगामी 10 जून तक परीक्षाफल एवं प्रगति पत्रक का कार्य अवश्य पूरा कर लेंगे तथा प्रगति पत्रक का वितरण आगामी 12 जून को छात्रों एवं अभिभावकों की संगोष्ठी बुलाकर करेंगे।

उन्होंने कहा कि आगामी 12 जून को परीक्षाफल घोषित करने के बाद आंकड़ों का समेकन करते हुए सीआरपी को देना सुनिश्चित करेंगे तथा सभी सीआरपी प्राप्त आंकड़ों का संग्रह कर कंप्यूटर कोआर्डिनेटर मुकेश कुमार के पास जमा करेंगे। कक्षा 1 से कक्षा 7 तक के सभी बच्चों को वर्ग प्रोन्नत मानते हुए 1 जून से शैक्षणिक सत्र प्रारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रखंडाधीन विद्यालयों में जहां पर निःशक्त बच्चे हैं वहां के प्रधानाध्यापक उन बच्चों के दिव्यांगता प्रमाण पत्र का प्रतिवेदन जिन विद्यालयों नहीं दिया है, वे शीघ्र बीआरसी में उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि यू-डाइस मेंडेटरी जिन प्रधानाध्यापकों शत प्रतिशत पूरा नहीं किया है, वैसे प्रधानाध्यापकों का वेतन बंद कर दिया गया है। उन्होंने प्रयास कार्यक्रम को पूर्व की तरह विद्यालयों में लागू करने का निर्देश दिया, जिससे बच्चों की उपस्थिति बढ़ाई जा सके। बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, सुबोध कुमार, शक्ति दास सिन्हा, वीरेंद्र प्रजापति, शोभा पांडेय, एमआइएस कोडिनेटर मुकेश कुमार, लेखापाल चंदन कुमार सहित सभी सीआरपी उपस्थित थे।

## लातेहार/ लोहरदगा संक्षिप्त

### अवैध पत्थर लदा बिना नंबर का ट्रैक्टर जब्त



**बरवाडीह।** प्रखंड में अवैध उत्खनन कार्य पर अंकुश लगाने के लिए रविवार को खनन टास्क फोर्स के अंचलाधिकारी राकेश सहाय और थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह के नेतृत्व में छापामारी कर अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खनन टास्क फोर्स के अधिकारी अंचलाधिकारी के नेतृत्व में चलाए जा रहे छापामारी के क्रम में छेंछा पंचायत के टिकिआ टोला में एक अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर पकड़ा गया। ट्रैक्टर के चालक द्वारा कागजात नहीं दिखाने जाने के बाद बिना नंबर वाले ट्रैक्टर को जब्त कर थाना परिसर में रखा गया है। वहीं इस मामले में अग्रेतर करवाई के लिए प्रतिवेदन के साथ इसकी सूचना जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को दी गई।

### किसानों को गोबरधन योजना की दी जानकारी

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय के तकनीकी सूचना केंद्र (सिंगल विंडो सेंटर) सभागार परिसर में कृषक गोष्ठी सह जागरूकता अभियान के तहत गोबरधन योजना अंतर्गत फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्यूर (फॉर्म) और लिक्विड फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्यूर (ल्फोम) वैज्ञानिक विधि से प्रयोग करेंने को लेकर उपस्थित बिरसा किसानों को विस्तार रूप जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत गोबर का प्रयोग करते हुए बायोगैस बनाने के लिए किसानों को प्रेरित कर ग्राम स्तर पर कृषक मित्रों को कार्य करने का दायित्व सौपा गया। कृषक गोष्ठी में मुख्य रूप से किसानों को गोबरधन योजना से होने वाले लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि पशुओं के अवशिष्ट से मिट्टी की उर्वरता और फसल उत्पादन बढ़ाने में खास मदद मिलती है। गोबरधन योजना का मुख्य उद्देश्य गांव में साफ सफाई का सकारात्मक तौर पर बढ़ना और पशुओं या अन्य स्रोत से मिलने वाली ऑर्गेनिक वेस्ट से पैसा और ऊर्जा निर्माण करना।

### मुखिया की पहल पर दुरुस्त हुआ चापाकाल



**बारियातु।** प्रखंड के टोटी तीनमुहान में कई वर्षों से खराब पड़े चापाकल को मुखिया की पहल पर ठीक कराया गया। टोटी गांव के ग्रामीणों के मुताबिक तीन मुहान में लगा चापाकल कई वर्ष पूर्व हाइव की टक्कर से क्षतिग्रस्त हो गया था। इससे आसपास के ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। टोटी पंचायत मुखिया शांति देवी की पहल पर काफी मशक्कत के बाद चापाकल दुरुस्त कराया गया। मुखिया की पहल को ग्रामीणों सराहा।

### प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का किया आयोजन



**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के योजना निर्माण हेतु प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सरकार के द्वारा दिये मार्गदर्शन के अनुरूप ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण एवं ई ग्राम स्वराज पोर्टल में आये तब्दीलीयो से अवगत कराना था। मौके पर आकाश कुंवर, पंचायत सचिव गुहा उरांव, सुहैल अहमद, रोजगार सेवक हिफजूल रहमान, नन्दा भगत आदि उपस्थित थे।

### वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**कुडू (लोहरदगा)।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घटना कुडू लोहरदगा मुख्य पथ के टाटी दोबा मोड़ के समीप सोमवार की रात करीब 8 बजे की है। घायल की पहचान टीको बड़का टोली निवासी शिवनाथ उरांव के पुत्र रूपेश उरांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूपेश अपनी पल्सर एनएस 125 से कुडू की तरफ आरहा था। तभी विपरीत दिशा से जा रहे किसी आज्ञात वाहन की चपेट मे आ गया। 108 एम्बुलेंस ने उसे कुडू अस्पताल पहुंचाया।

### पति ने जीएनएम व सीएचओ पर लगाया लापरवाही का आरोप

# सुरक्षित प्रसव कराने वाली सहिया की प्रसव से पहले मौत

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)**
दूसरों को सुरक्षित प्रसव कराने वाली सहिया खुद अपने प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंची और बच्चे को जन्म देने से पहले ही दुनिया छोड़ गई। घटना सोमवार पूर्वाह्न 10 बजे करीब की है। मृतक सहिया (32) सुखमनी उरांव धोबनी खपड़ा टोली की निवासी है। सुखमनी के पति बलेश्वर उरांव ने ड्यूटी पर रहे किरण कुमारी जीएनएम एवं सीएचओ कंचन मिंज पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

बलेश्वर ने बताया कि रविवार को करीब मध्यरात्रि के समय ममता वाहन से अपनी पत्नी सुखमनी को सीएचसी घाघरा में भर्ती कराया। सोमवार को सुबह सुखमनी अच्छी भली थी और उसने अपने पति से घर में अन्य बच्चों को खाना बना कर खिलाकर आने की बात कही। जब घर से पति लौटा तब तक उसकी पत्नी मर चुकी थी। अस्पताल में सुखमनी के साथ गांव की ही एक महिला साथ आयी थी और जिस वार्ड में सुखमनी भर्ती थी उस वार्ड में घटना के वक्त उपस्थित अन्य महिलाओं ने बताया कि सुखमनी खुद से चाय बिस्किट खाई। थोड़ी देर बाद में सीने में दर्द की बात सुखमनी ने बताई और कुछ ही देर में दम तोड़ दी। सहिया के साथ घटित घटना के बाद अस्पताल में सहिया की भीड़ लग गयी और उनमें आक्रोश भी देखा गया। इधर पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना व सहिया सहायता निधि से क्रमशः दो लाख व 75 हजार की राशि दिए जाने की बात जिले के अधिकारियों ने कही। शव को पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया।



# कौशल जागरूकता रथ व नुक्कड़ नाटक वाहन को किया गया रवाना

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्वधान में जिला परिषद लोहरदगा के परिसर से मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत कौशल विकास एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए कौशल जागरूकता रथ एवं नुक्कड़ नाटक वाहन को उप विकास आयुक्त समीरा एस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत 18 से 35 वर्ष के युवा वर्ग के युवकों को कौशल विकास से जोड़ने एवं उनमें कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न ट्रेडों में, जैसे डॉमेस्टिक डाटा एंट्री ऑपरेटर, टेलरिंग ब्यूटीशियन, इलेक्ट्रीशियन इत्यादि में शैक्षणिक योग्यता अनुसार निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्रों में रोजगार से जोड़ने एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सुविधा प्रदान की जाती है। योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 1800 123 3444 पर कॉल करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मौके पर जिला नियोजनालय पदाधिकारी, लोहरदगा, अवनीश विद्यार्थी एमजीएनएफ लोहरदगा एवं अन्य उपस्थित थे।




## NEWS इन ब्रीफ

### दुर्घटना मामले में सेन्हा पुलिस ने बाइक चालक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा।** पुलिस ने रामनगर स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुई सड़क दुर्घटना मामले में बाइक चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र स्थित रामनगर सलोनी पेट्रोल पंप के समीप रविवार को बाइक एवं स्कूटी की टक्कर में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी सेन्हा निवासी सुलेमान केरकेट्टा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया गया था, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया था। यहां से भी 70 वर्षीय सुलेमान की स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया, जहां वह इलाजरत है। घायल सुलेमान केरकेट्टा की पुत्री दीपिका केरकेट्टा ने थाने को बताया कि मेरे पिता घर में बोल कर निकले कि गाड़ी में तेल भरवाने जा रहे हैं। पेट्रोल पंप से तेल भरवा कर घर लौटने के दौरान घाघरा की ओर से आ रही हिमालयन बाइक चालक ने लापरवाही एवं तेज रफ्तार से लोहरदगा की तरफ जाने के क्रम में स्कूटी को धक्का मार दिया, जिससे स्कूटी चालक सुलेमान केरकेट्टा को गम्भीर चोटें आई हैं। पुलिस ने बाइक को जब्त करते हुए गुमला आदर्श नगर निवासी सुरेंद्र गोप का 20 वर्षीय पुत्र मनु गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पीड़िता को इलाज के बहाने नशे का इंजेक्शन देकर किया था दुष्कर्म

# घाघरा में दुष्कर्म का आरोपी झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा (गुमला)**
दुष्कर्म के आरोपी झोलाछाप डॉक्टर मंगल देव लकड़ा उर्फ मंगल देव उरांव, पिता सावन उरांव को उसके घर सासो सरजामा से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में घाघरा थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि विगत 28 मई को एक नाबालिग लड़की अपने माता-पिता के साथ घाघरा थाने आई। उसने पुलिस को बताया कि वह बड़काडीह गांव में इलाज कराने के लिए एक डॉक्टर के पास गई थी।

डॉक्टर ने इलाज के बहाने उसे नशे का इंजेक्शन देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। नशे में रहने के कारण युवती उस समय अपने परिजनों को कुछ नहीं बता पायी, लेकिन घर वापस आने के बाद जब वह बोलने की स्थिति में आयी तो उसने घटना के संबंध में अपने परिजनों को सारी बात बता दी। इसके बाद पीड़िता अपने परिजनों के साथ घाघरा थाना पहुंच कर घटना के संबंध में अपना बयान दर्ज कराया। इसके आधार पर घाघरा थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त मंगल देव लकड़ा उर्फ मंगल देव उरांव को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त पेशे से एक झोलाछाप डॉक्टर है। वह बुखार, सर्दी, खांसी जैसे छोटे रोगों का प्राथमिक उपचार करता है। अभियुक्ति की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई निर्मल महतो, अभिषेक कुमार, विवेकानंद श्रीवास्तव, जयश्री मिंज, सशस्त्र बल जैप 2 के जवान शामिल थे।



### जन सेवकों की हड़ताल से योजनाएं हो रहीं प्रभावित

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में कार्यरत सभी जन सेवकों का 11 सूत्री मांग को लेकर हड़ताल पर चले जाने के कारण विभिन्न विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। प्रधानमंत्री आवास निर्माण का कार्य अवरुद्ध हो गया है। आवास निर्माण का कार्य कर चुके लाभुकों को भुगतान नहीं मिल रहा है। भुगतान नहीं मिलने के कारण आवास निर्माण का कार्य बंद हो रहा है। इसके कारण आवास निर्माण कार्य का काम लक्ष्य के अनुकूल नहीं हो रहा है। क्षेत्र में खेती किसानी का समय नजदीक आ गया है। इस समय में जन सेवकों के द्वारा किसानों के लिए विभिन्न अनुदानित बीजों का वितरण हेतु सूची बनाने सहित अन्य काम किया जाता है, परंतु जन सेवकों की हड़ताल इस काम को भी अवरुद्ध कर रही है। साथ ही पेंशन योजना के लाभ लेने वाले लाभुकों को छोटी-मोटी परेशानी के लिए बैंक एवं प्रखंड कार्यालय के चक्कर काटना पड़ रहा है। जन सेवकों की 11सूत्री मांग को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। दूसरी तरफ क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं पर इसका असर पड़ रहा है। जन सेवकों का कहना है कि यह हड़ताल राज्यव्यापी है। सरकार जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं करती तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# शहीद, क्रांतिकारी के सम्मान में युवक निकला दिल्ली




**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
देश की आजादी के लिए जीवन समर्पण करने वाले क्रांतिकारी के सम्मान में एक युवक राउरकेला से पदयात्रा कर पहुंचा सेन्हा। विश्राम के पश्चात दिल्ली के लिए होगा रवाना। सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में क्रांतिकारियों के तस्वीर रथ पर सजा कर 150 किलोग्राम का रथ खींचते पदयात्रा करते हुए पहुंचा सेन्हा। राउरकेला सेक्टर 2 निवासी महेंद्र विश्वाल के 35 वर्षीय पुत्र मुक्तिकांत विश्वाल 16 मई को रथ पर तिरंगा झंडा एवं क्रांतिकारियों का तस्वीर लगा कर दिल्ली के लिए रवाना हुआ है। जो लगातार पद यात्रा करते हुए 13 दिन का सफर तय कर सेन्हा पहुंचा। क्रांतिकारियों के तस्वीर के साथ रथ को खींचते देख क्षेत्र के ग्रामीणों ने जगह जगह पर सहयोग प्रदान किया। इस संदर्भ में मुक्तिकांत विश्वाल ने बताया कि आजादी के पूर्व से देश के प्रति जीवन समर्पित करने वाले उन क्रांतिकारियों को अपने ही देश में सम्मान नही मिल रहा है। उन वीर शहीद क्रांतिकारी को सम्मान दिलाने के लिए देश के सपूत क्रांतिकारी सुखदेव थापर, भगत सिंह, शिवराम राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य शाहिद क्रांतिकारी की तस्वीर रथ में लेकर दिल्ली के लिए रवाना हुए है। उन्होंने कहा वहां पहुंच प्रधानमंत्री से मुलाकात कर उन वीर क्रांतिकारियों को सम्मान दिलाने के लिए ज्ञापन सौंप मांग करूंगा। 13 दिन का सफर तय कर सोमवार को सेन्हा पहुंचने की सूचना सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ सुरक्षा प्रदान किया। सेन्हा दुर्गा मंदिर प्रांगण में रात्रि विश्राम के पश्चात मुक्ति सान्याल मंगलवार को दिल्ली रवाना करेगा।

# सड़क के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : एनएचएआई

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
कुडू से घाघरा एनएच 143ए में चल रहे सड़क व नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने की मिल रही शिकायत पर कुडू पहुंचे राष्ट्रीय उच्च पथ परिवहन सह सुरक्षा परिषद, भारत सरकार के सदस्य रविंद्र तिवारी ने नाली निर्माण व ब्लॉक मोड़ के नजदीक नवनिर्मित पुलिया का निरीक्षण किया। तिवारी ने एनएचएआई के कनीय अभियंता बिनोद हेम्ब्रम और निर्माण करा रही कंपनी के कनीय अभियंता को निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई समझौता नहीं होगा। वहीं कुछ जगहों में अतिक्रमण के कारण बीच में काम रुकने की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद नाली निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव गुडू लाल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, अमित कुमार बंटू, प्रदीप ठाकुर, संतोष साहू, विकास अग्रवाल एवं लोहरदगा के कमल केशरी आदि उपस्थित रहे।



### कुडू के जोंजरो में डोभा में डूबने से महिला की मौत

**कुडू (लोहरदगा)।** कुडू थाना क्षेत्र के जोंजरो गांव निवासी सेराजुल अंसारी की लगभग 38 वर्षीय पत्नी अफसरी खातून की मौत सोमवार को गांव के डोभा में डूबने से हो गयी। अफसरी खातून अपनी पुत्री सुहाना परवीन के साथ घर के कुछ दूर खेत मे बने डोभा में नहाने और कपड़ा धोने गयी थी। नहाने के क्रम में पैर फिसलने से डोभा के गहरे पानी मे डूब गई। बेटी के हल्ला करने पर कुछ लोग पहुचकर डोभा से बाहर निकाले तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर कुडू पुलिस घटनास्थल पहुचकर महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

# नप की दुकानों के किराये में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ दुकानदार गोलबंद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नगर परिषद द्वारा गुदरी बाजार स्थित आवंटित दुकानों के किराया में बेतहाशा वृद्धि के खिलाफ दुकानदार गोलबंद हो गए हैं। सोमवार को दुकानदारों का एक शिष्टमंडल उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के कार्यालय में जाकर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन स्थानीय जनप्रतिनिधि धीरज प्रसाद साहू (सांसद राज्य सभा), सुदर्शन भगत (सांसद लोकसभा), डॉ. रामेश्वर उरांव (विधायक सह मंत्री झारखंड सरकार) के प्रतिनिधि तथा लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष को भी दिया। शिष्टमंडल में संजय बर्म्मन, प्रदीप कुमार, मुकेश महतो, विवेक कुमार, विजय सिंह थे। दुकानदारों ने बताया कि पिछले दिनों बड़ा तालाब स्थित दुकानों तथा सोमवार बाजार स्थित दुकानदारों को भी बेतहाशा वृद्धि का नोटिस जारी किया गया है। दुकानदारों ने कहा कि यदि किराया में संशोधन नहीं किया गया तो सभी दुकानदार एक मीटिंग आहूत करेंगे तथा आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।




### कार्यक्रम मन का मिलन पखवाड़ हुआ शुरू, 14 जून तक चलेगा : पीडीजे

# 'विवादों को सुलझाने के लिए आगे आएं लोग'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार 29 मई से लेकर 14 जून तक चलाए जाने वाले मन का मिलन पखवाड़े का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने सिविल कोर्ट परिसर में उद्घाटन किया। तत्पश्चात यह कार्यक्रम अगले एक पखवाड़े तक सफलता पूर्वक चलाने का निश्चय किया गया। उद्घाटन अवसर पर पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि जिले में मन का मिलन पखवाड़े को लेकर जोर - शोर से प्रचार- प्रसार किया गया है। अब इसे मूर्त रूप देने की बारी है। अतः जो लोग भी बेंच में काम कर रहे हैं वह पक्षकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे अपने विवाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने के लिए आगे आएं।

इस अवसर पर डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम मध्यस्थता के प्रचार प्रसार के लिए किया गया है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रम, परामर्श सेवाएं, वीडियो पर सफल कहानियां को दिखाना, लंबित अथवा मुकदमा पूर्व स्तर के मामलों में आवेदन प्राप्त करना एवं आवश्यक सुझाव पक्षकारों के देना शामिल है। मध्यस्थता के अंतर्गत प्रशिक्षित मध्यस्थ पक्षकारों के बातों को गोपनीय रखते हुए उनकी समस्याओं को सुनते हैं और पक्षकारों की सहमति के आधार पर ही समाधान ढूंढा जाता है जिससे पक्षकारों का समय, धन तथा व्यक्तिगत संबंधों के रक्षा होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा की तरफ से यह भी जानकारी दी गई कि कार्यरत मध्यस्थ के कार्य क्षमता बढ़ाने हेतु आज से ही तीन दिनों का एडवांस ऑनलाइन ट्रेनिंग झालसा रांची के निर्देशानुसार शुरू किया गया है जिसे लेने के पश्चात मध्यस्थ और भी बेहतर तरीके से पक्षकारों के मामलों को सुलझा पाएंगे। मौके पर सभी मध्यस्थ, अर्ध न्यायिक स्वयंसेवक, अधिवक्तागण तथा पार्टी पक्षकार उपस्थित थे।



### सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण मणि का निधन

**कैरो।** प्रखंड के डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण मणि गोप उम्र (86) वर्ष का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया,जो डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टु उच्च विद्यालय के फाऊंडर शिक्षको मे एक थे।श्री कृष्ण मणि गोप अर्थशास्त्र एवं हिन्दी विषय के शिक्षक थे वे 1997 मे सेवानिवृत हो गये थे। उनके निधन पर राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, उप-प्रमुख मधुलिका रानी, सेवानिवृत्त शिक्षक दीपेश्वर पांडेय, बालेश्वर साहू, विद्यालय के वर्तमान प्रधानाचार्य गणेश शास्त्री, अमरेंद्र कुमार, 20 सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान, उपाध्यक्ष बुधुवा उरांव, सदस्य शरत विद्यार्थी, उप-मुखिया रवि प्रजापति,विशेश्वर प्रसाद दीन, सुरज मोहन साहू, लखन उरांव, राम प्रसाद यादव, राजेन्द्र महतो, नजीर आलम खान, बलराम साहू इत्यादि लोगों ने शोक जताया।

# जनभावनाओं से खेलना बंद करे सरकार : सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
नदिया हिंदू हाई स्कूल से हिंदू शब्द हटाने पर लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा लोहरदगा की सबसे पुराने हाई स्कूल में से एक नदिया हिंदू हाई स्कूल से केवल हिंदू शब्द को हटाना यह दशार्ता है कि वर्तमान यूपीए गठबंधन सरकार का राजनीतिक आधार केवल तुष्टिकरण ही रह गया है। यह विद्यालय जिले के लिए धरोहर की तरह है। आज कितने बच्चों और पूर्ववर्ती छात्राओं के प्रमाणपत्रों में नाम अंकित है। सरकार को शिक्षा के क्षेत्र में कुछ विशेष स्थापित कर नामकरण करने चाहिए था। शुरुआत दिनों में स्थापना और संचालन से जुड़े लोगों की मेहनत और योगदान को भी शून्य कर मुख्यमंत्री अपनी सरकार को प्रचारित करने में लगे हैं। इसको लेकर लोहरदगा की जनता का आक्रोश जायज है। लोकतांत्रिक युग में जनभावनाओं का सम्मान होना चाहिए, परंतु कांग्रेस और उनके साथी शुरू से अतीत के पन्नों को नष्ट कर केवल अपनी विचारधारा को प्रदर्शित किया है। यह वर्तमान में भी जारी उसी कार्यप्रणाली का बड़ा उदाहरण है, परंतु सरकार को इस तरह का राज्यादेश देने से पहले परिणामों के बारे में सोचना चाहिए। लोकतंत्र में जनता सर्वश्रेष्ठ है। इसलिए झारखंड की सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए अविलंब इस राज्यादेश को वापस ले।



